# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0–............/2025**

> (i) **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2025 एवं**
> (ii) **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन ऑनलाइन दिनांक 15.04.2025 तक की अवधि में भरे जाने एवं निर्धारित शुल्क जमा करने हेतु अवधि विस्तार के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान, विद्यार्थी, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०) तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा छात्रहित में (i) **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2025 एवं** (ii) **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2025** अलग–अलग आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक वैसे परीक्षार्थी जिनका सूचीकरण तीन शैक्षणिक सत्रों यथा; 2021–23, 2022–24 एवं 2023–25 के लिए मान्य है, उनके शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से समिति के वेबसाइट https://biharboardonline.org अथवा biharboardonline.com पर **दिनांक 12.04.2025** तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 91/2025 द्वारा संसूचित किया गया था।

2. छात्र हित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु **दिनांक 15.04.2025** तक अवधि विस्तार किया जाता है।

**3. (i) विशेष रूप से ध्यातव्य हो कि सत्र 2023–25 के इन्टरमीडिएट के जिन विद्यार्थियों का हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है, वैसे छूटे हुए विद्यार्थियों के लिए अवसर प्रदान करते हुए समिति के पोर्टल पर हस्ताक्षरित घोषणायुक्त सूचीकरण कार्ड अपलोड करने की पुनः व्यवस्था की गई है।**

**(ii) इस तरह शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा ऐसे विद्यार्थियों का घोषणायुक्त डमी सूचीकरण कार्ड पोर्टल पर अपलोड कर इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2025 के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करेंगे तथा इस आधार पर निर्धारित अवधि में (दिनांक 13.04.2025 से 15.04.2025 तक) उनका परीक्षा आवेदन भी भरा जा सकेगा।**

**4. इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2025/इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2025 हेतु परीक्षार्थी से लिये जाने वाले निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण** :–

| मद | प्रति परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क |
|---|---|
| परीक्षा आवेदन–पत्र का शुल्क | रू0 150/– |
| परीक्षा शुल्क | रू0 260/– |
| लोकल लेवी | रू0 480/– |
| अंक–पत्र शुल्क | रू0 170/– |
| औपबंधिक प्रमाण–पत्र शुल्क | रू0 170/– |
| प्रव्रजन (Migration) प्रमाण–पत्र शुल्क | रू0 170/– |
| ऑनलाइन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाइन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा। | रू0 30/– |
| **ऑनलाइन शुल्क सहित कुल परीक्षा एवं अन्य शुल्क** | **रू0 1430/–** |
| कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के समुन्नत एवं क्वालिफाइंग परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क | रू0 340/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क | रू0 340/– |
| सिर्फ व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी के लिए व्यावहारिक परीक्षा शुल्क | रू0 400/– |

**विभिन्न कोटि के परीक्षार्थी के लिए कुल निर्धारित शुल्क विवरण:–**

| परीक्षार्थी की कोटि | मद | समिति के खाते में जमा करने हेतु प्रति विद्यार्थी निर्धारित शुल्क | प्रति विद्यार्थी लिया जाने वाला ऑनलाईन शुल्क (जो संस्थान द्वारा रखा जाएगा) | प्रति विद्यार्थी लिया जाने वाला कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नियमित/स्वतंत्र, पूर्ववर्ती परीक्षार्थी (जो प्रथम बार आवेदन भरेंगे) के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 1400/— मात्र | रू० 30/— | रू० 1430/— |
| समुन्नत एवं क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क सहित) | रू० 1740/— मात्र | रू० 30/— | रू० 1770/— |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के नियमित कोटि के परीक्षार्थी के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 1800/— मात्र | रू० 30/— | रू० 1830/— |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 2140/— मात्र | रू० 30/— | रू० 2170/— |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 1460/— मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) | रू० 30/— | रू० 1490/— |
| पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 1060/— मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) | रू० 30/— | रू० 1090/— |
| कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 930/— मात्र<br>1. चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है।<br>2. परीक्षा शुल्क का मात्र 50% (प्रतिशत) ही देय है। | रू० 30/— | रू० 960/— |

**नोटः(1) ऑनलाइन शुल्क (रू० 30/—) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाइन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल/प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।**

(2) इन्टरमीडिएट कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के केवल नियमित (Regular) श्रेणी के SC, ST तथा EBC कोटि के विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा शुल्क रु0 260/— (दो सौ साठ रुपये मात्र) नहीं दिया जाना है, चूँकि उन्हें इस शुल्क का भुगतान करने से छूट है।

5. **विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 84/2025 की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।**

6. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्प लाइन नं0—7415418382, 7982020674 अथवा E-mail Id: intercompart@gmail.com पर सूचित करके समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

12.4.25

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**ज्ञापांक** :—BSEB(SS)/ KEN/251./2023-357 पटना, दिनांक :—12/04/2025

प्रतिलिपि : 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित। यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालयों को ई—मेल/ WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना विद्यालय प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

2. M/s S.S.B Digital Private Limited को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित आलोक में निर्धारित किये गये समय के अनुसार उपर्युक्त कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जिन शिक्षण संस्थान की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस लिया जा चुका है, वैसे शिक्षण संस्थान से कदापि परीक्षा आवेदन नहीं भरा जा सके, इसके लिए अनिवार्य रूप से व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

3. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अधीनस्थ सभी विद्यालयों के प्रधान को इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2025 एवं इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2025 का आवेदन विस्तारित अवधि (दिनांक 15.04..2025 तक) में भरने हेतु वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाए।

4. शाखा प्रबंधक, Axis Bank, Patliputra Colony Branch, पटना एवं शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक, बुद्धमार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5. उप निदेशक/सिस्टम एनालिस्ट, आई0टी0 (उ०मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय ताकि किसी प्रकार की त्रुटि एवं विसंगति न हो। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जिन +2 विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस लिया जा चुका है, वैसे +2 विद्यालयों से कदापि परीक्षा आवेदन नहीं भरा जा सके, इसलिए निदेशक (शैक्षणिक) से समन्वय कर ऐसे +2 विद्यालय/महाविद्यालयों की अद्यतन सूची अनिवार्य रूप से प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थी, मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी के जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति की प्रति समिति के निर्दिष्ट BSEB Mobile App पर डाल दिया जाय ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित्त आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

   यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना +2 विद्यालय/महाविद्यालयों प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

6. सभी उप सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
7. वित्त पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
8. निदेशक (शैक्षणिक), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
9. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

12.4.25

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

12/4/25 12/4/25